**2 0 1 5**

HINDI

( Major )

Paper : 5.4

**( Hindi Ka Ekanki Sahitya )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) एकांकी किसे कहते हैं?

(ख) 'चारुमित्रा' एकांकी की कथा किस प्रकार की है?

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' कैसा एकांकी है?

(घ) पंत जी को किस काव्य-कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(ङ) 'धर्मयुग' के साथ धर्मवीर भारती का क्या संबंध था?

(च) भुवनेश्वर प्रसाद जी के किसी एक एकांकी संकलन का नाम लिखिए। —

(छ) 'महाभारत की एक सांझ' किसका एकांकी है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति लघु उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) "बड़ा आदमी बनने के लिए बड़ों में बैठना-उठना जरूरी है। उनके साथ खाना-पीना, घूमना जरूरी है।" इस कथ्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) "सबने मेरा हठ ही देखा, मेरे पक्ष का न्याय किसी ने न देखा।" यहाँ 'मेरे पक्ष का न्याय' से क्या तात्पर्य है, स्पष्ट कीजिए।

(ग) "(औरतें) अंग्रेजी अखबार बढ़ने लगीं और 'पॉलिटिक्स' वगैरह पर बहस करने लगीं तब तो हो चुकी गृहस्थी!" क्या औरतों के लिए अंग्रेजी अखबार पढ़ना और पॉलिटिक्स करना मना है? अगर नहीं, तो ऐसा क्यों कहा गया है? स्पष्ट कीजिए।

(घ) "तुम एक पूँजीपति की बेटी और मैं पूँजीपतियों का शत्रु।" 'समरेखा-विषमरेखा' एकांकी के आधार पर इसका संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के लघु उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) एकांकी के भेदों का परिचय दीजिए।

(ख) सूखी डाली के प्रतीकार्थ को स्पष्ट कीजिए।

(ग) "केवल एक दुख मेरे साथ जायगा।" वह दुख क्या है तथा उसका क्या परिणाम निकला था?





(घ) 'रीढ़ की हड्डी' के आधार पर 'बैकबोन' के प्रतीकार्थ को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'समरेखा-विषमरेखा' में समरेखा और विषमरेखा क्या-क्या हैं?

**4.** (क) नाटक और एकांकी में निहित साम्य और वैषम्य पर प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

नाटकों में संवाद के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 10

(ख) 'सूखी डाली' एकांकी के उद्देश्य को रेखांकित कीजिए। 10

**अथवा**

एकांकी-कला के आधार पर 'चारुमित्रा' एकांकी की समीक्षा कीजिए। 10

(ग) आधुनिक उच्चवर्ग की झूठी और बेइमानी अहंमन्यता का पर्दाफाश 'मम्मी ठकुराइन' में किस प्रकार किया गया है, स्पष्ट कीजिए। 10

**अथवा**

'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। 10

★★★